पत्रांक–3 / सी0एस0 / एम0–09 / विविध–2012.....546.......

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक,

अरविन्द कुमार वर्मा
विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी जिलों के प्रभारी सचिव
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक–.....16.05.....2026

विषय :– दिनांक–19.05.2026 को जिलों में आयोजित ''सहयोग शिविर'' में भाग लेने के संबंध में।

प्रसंग :– सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक–7622, दिनांक–30.04.2026।

महाशया / महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि जन शिकायतों के प्रभावी समाधान हेतु दिनांक–19.05.2026 को राज्य के विभिन्न जिलों में प्रथम **''सहयोग शिविर''** का आयोजन किया जा रहा है। आपकी अपने प्रभार वाले जिले में आयोजित ''सहयोग शिविर'' में सहभागिता अपेक्षित है। इस क्रम में जिले के कम से कम तीन प्रखंडो में आयोजित हो रहे **''सहयोग शिविरों''** में भ्रमण किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि दिनांक–19.05.2026 को अपने प्रभार वाले जिले में आयोजित **''सहयोग शिविर''** में उपस्थित रहने की कृपा की जाए।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
16/05/26
(अरविन्द कुमार वर्मा)
विशेष सचिव।

ज्ञापांक–3 / सी0एस0 / एम0–09 / विविध–2012–.....546.....,पटना–15, दिनांक–.....16.05.2026

प्रतिलिपि– सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार / सभी जिला पदाधिकारी, बिहार / सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। सभी जिलाधिकारियों से अनुरोध है कि अपने जिला के प्रभारी सचिव से सम्पर्क स्थापित कर कम से कम तीन प्रखंडों में आयोजित **''सहयोग शिविरों''** (माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा भ्रमण किये जा रहे प्रखंडो से भिन्न) में उनके भ्रमण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

16/05/26
(अरविन्द कुमार वर्मा)
विशेष सचिव।